**पत्रांक–बि0क0च0आ0–प्र0–03 / परीक्षा–22 / 2021..................**

**बिहार कर्मचारी चयन आयोग**

**पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14**

**आवश्यक सूचना**

**विज्ञापन संख्या–06060114, प्रथम इंटर स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2014**

ज्ञापांक 2387/आ0 दिनांक 19-09-21

आयोग की आवश्यक सूचना ज्ञापांक–2385 / आ0, दिनांकः–19.09.2021 द्वारा वि0सं0–06060114, प्रथम इंटर स्तरीय संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा–2014 के पूर्व घोषित सफल अभ्यर्थियों के अतिरिक्त 1218 नये अभ्यर्थियों को प्रारम्भिक परीक्षा में सफल घोषित करते हुए मुख्य परीक्षा हेतु योग्य पाया गया है। नये सफल 1218 अभ्यर्थियों से मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन करने, उपलब्ध पदों की रिक्तियों के आलोक में पदवार विकल्प का चयन एवं प्राथमिकतायें भरने हेतु दिनांक–20.09.2021 से 04.10.2021 तक ऑनलाईन आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि–02.10.2021 निर्धारित है। अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने से पूर्व आयोग की आवश्यक सूचना ज्ञापांक–511 / आ0, दिनांक–28.02.2021 द्वारा प्रकाशित विज्ञापन, पदवार विकल्प पोस्ट कोड सहित अनुलग्नक–'क' तथा परीक्षा पद्धति एवं पाठ्यक्रम अनुलग्नक–'ख' का अवलोकन करना सुनिश्चित करेंगे। सुलभ प्रसंग हेतु प्रासंगिक आवश्यक सूचना अनुलग्नक सहित संलग्न है।

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि विज्ञापन की सभी शर्त्तों एवं प्रक्रिया को ध्यानपूर्वक पढ़ने के उपरांत निर्धारित तिथि 04.10.2021 तक ऑनलाईन आवेदन समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। इस क्रम में ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने वाले अभ्यर्थियों के लिए अल्प सूचना पर शीघ्र ही मुख्य परीक्षा आयोजित की जायेगी। अभ्यर्थियों को सचेत किया जाता है कि वे अल्प सूचना पर मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु तैयार रहें।

अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि अद्यतन सूचना हेतु आयोग के वेबसाईट **https://bssc.bihar. gov.in** का सतत् अवलोकन करते रहेंगे।

19/9/2021

सचिव

बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।

A20

**पत्रांक–बि0क0च0आ0–प्र0–03 / परीक्षा–72 / 2016 (खंड–2)............**

**बिहार कर्मचारी चयन आयोग,**

**पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14**

## आवश्यक सूचना

ज्ञापांक– 511/3110 पटना, दिनांक– 28.02.2020

विज्ञापन संख्या–06060114, प्रथम इंटर स्तरीय संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा–2014 में योग्य पाये गये अभ्यर्थियों से मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन करने, उपलब्ध पदों की रिक्तियों के आलोक में पदवार विकल्प का चयन तथा प्राथमिकताएँ भरने हेतु दिनांक–29.02.2020 से 18.03.2020 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। ऑनलाईन आवेदन करने से संबंधित विज्ञापन आयोग के वेबसाईट http//bssc.bih.nic.in पर उपलब्ध है। विज्ञापन के साथ पदवार विकल्प पोस्ट कोड सहित अनुलग्नक–'क' तथा परीक्षा पद्वति एवं पाठ्यक्रम अनुलग्नक–'ख' के रूप में संलग्न है।

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि विज्ञापन की सभी शर्त्तों एवं प्रक्रिया को ध्यानपूर्वक पढ़ने के उपरान्त निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन आवेदन समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

28/2/2020

सचिव

बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।

A19

# बिहार कर्मचारी चयन आयोग
## पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14

**विज्ञापन संख्या–06060114, प्रथम इन्टर स्तरीय संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा–2014 हेतु विज्ञापन**

| | |
|---|---|
| **ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि** | **:–29.02.2020** |
| **ऑनलाईन परीक्षा शुल्क (Payment) जमा करने की अंतिम तिथि** | **:–16.03.2020** |
| **ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि** | **:–18.03.2020** |

1. प्रथम इन्टर स्तरीय संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा–2014 का परीक्षाफल प्रकाशित किया जा चुका है। प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों से मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन करने तथा उपलब्ध पदों की रिक्तियों के आलोक में चयन हेतु प्राथमिकताएँ आयोग को उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। श्रेणी–'A' (शारीरिक क्षमता जाँच वाले पद) एवं श्रेणी–'B' (वैसे पद जिन पर नियुक्ति हेतु शारीरिक क्षमता जॉच की आवश्यकता नहीं है) के लिए कोटिवार रिक्तियों की स्थिति की समेकित सूची **अनुलग्नक–'क'** के रूप में संलग्न है। **प्रारंभिक परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन में प्रविष्ट Basic Details यथा–नाम, पिता का नाम, फोटो, लिंग, कोटि, जन्मतिथि, स्थायी पता, दिव्यांगता की स्थिति आदि में कोई परिर्वतन नहीं होगा।**

2. अनुलग्नक–'क' में दिये गये समेकित क्रमवार पदों की सूची में पद हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता एवं वांछनीय योग्यता का उल्लेख किया गया है । मुख्य परीक्षा में प्राप्तांक, परीक्षोपरान्त तैयार सामान्य मेधासूची, अभ्यर्थियों द्वारा दिये गये विकल्प, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य शर्त्तों/पात्रता के आधार पर सेवा का आवंटन किया जायेगा।

अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन में पदों की प्राथमिकता एवं आवेदन पत्र की सारी प्रविष्टियों की जॉच कर पूर्णतः संतुष्ट होने के उपरान्त ही आवेदन पत्र Submit करेंगे। ज्ञातव्य हो कि **अभ्यर्थी द्वारा भरी गयी पदों की प्राथमिकता अंतिम एवं अपरिवर्तनीय होगी। अंतिम तिथि के पश्चात इस संबंध में किसी अभ्यर्थी से कोई अनुरोध पत्र/कागजात आयोग द्वारा स्वीकार नही किया जायेगा तथा इसके लिए अभ्यर्थी ही स्वयं जिम्मेवार होंगे।**

3. अभ्यर्थी विभिन्न पदों की प्राथमिकता भरने से पूर्व प्रत्येक पद के लिए वांछित शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता के संबंध में पूर्ण रूप से आश्वस्त हो लेंगे। विभिन्न पदों की शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता और योग्यता प्रमाण पत्र निर्गत करने वाले शैक्षणिक एवं तकनीकी संस्थान को बिहार सरकार से प्राप्त मान्यता एवं उक्त योग्यता से संबंधित परीक्षा उत्तीर्ण करने की तिथि विज्ञापन संख्या–06060114, दिनांक–31.10.2014 के पूर्व का होना अनिवार्य है, अन्यथा अभ्यर्थी को उस पद के लिए योग्य नहीं माना जायेगा।

4. **आरक्षणः–** अभ्यर्थियों द्वारा प्रारंभिक परीक्षा हेतु भरे गये ऑनलाईन आवेदन में दावा किये गये आरक्षण श्रेणी में किसी भी परिस्थिति में परिवर्त्तन नहीं किया जायेगा तथा इस संबंध में किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

5. **मुख्य परीक्षाः–** मुख्य परीक्षा के लिए दो प्रश्न पत्र होंगे। प्रश्न पत्र–1 हिन्दी विषय, प्रश्न पत्र–2 सामान्य ज्ञान। प्रश्न पत्र–1 हिन्दी विषय अर्हक होगा, जो परीक्षार्थी उसमें 30 प्रतिशत या 30 प्रतिशत से अधिक अंक लाएंगे, उन्हीं का दूसरा पत्र मूल्यांकित (Evaluate) किया जाएगा।

**मुख्य परीक्षा के प्रश्नपत्र एवं पाठ्यक्रम (Syllabus)–विस्तृत Syllabus** अनुलग्नक–'ख'के रूप में संलग्न है।

6. **क्वालीफाइंग मार्क्सः–**

कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग (सामान्य प्रशासन विभाग) द्वारा निर्गत संकल्प संख्या–2374, दिनांक–16.06.2007 के आलोक में लिखित परीक्षा (सामान्य ज्ञान) में अभ्यर्थियों को न्यूनतम अर्हतांक प्राप्त करना अनिवार्य होगा, जो निम्नांकित हैः–

| | | |
|---|---|---|
| सामान्य वर्ग | – | 40 प्रतिशत |
| पिछड़ा वर्ग | – | 36.5 प्रतिशत |
| अ0पि0 वर्ग | – | 34 प्रतिशत |
| अनु0जाति / जनजाति | – | 32 प्रतिशत |
| महिला (सभी वर्ग) | – | 32 प्रतिशत |
| दिव्यांग (सभी वर्ग) | – | 32 प्रतिशत |

7. **परीक्षा शुल्कः–**

| | |
|---|---|
| (क) सामान्य / पिछड़ा वर्ग / अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी | –750 रूपये। |
| (ख) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति (सिर्फ बिहार के स्थायी निवासी के लिए) | –200 रूपये। |
| (ग) बिहार राज्य के बाहर के उम्मीदवार चाहे वे किसी वर्ग के महिला / पुरूष हो | –750 रूपये। |
| (घ) सभी श्रेणी के दिव्यांगों के लिए (अनु0 जाति / जनजाति के समान) | –200 रूपये। |
| (ड़) राज्य के स्थायी निवासी सभी (आरक्षित / अनारक्षित वर्ग की) महिला उम्मीदवार | –200 रूपये। |

परीक्षा शुल्क जमा करते समय परीक्षा शुल्क की राशि पर प्रक्रिया शुल्क (Processing Charge) एवं सेवा कर (Service Tax) अभ्यर्थी द्वारा अलग से देय होगा, यथा ऑनलाइन (Credit Card / Debit Card / Net Banking) आदि से जमा किये जाने पर संबंधित बैंक के द्वारा निर्धारित प्रक्रिया शुल्क (Processing Charge) एवं सेवा कर (Service Tax) अलग से देय होगा।

अभ्यर्थी Log in (लॉग–इन) करने के पश्चात् परीक्षा शुल्क ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे (Online Payment Gateway) के माध्यम से दिनांक–29.02.2020 से 16.03.2020 तक जमा कर सकते हैं। अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क जमा करने से संबंधित प्रमाण पत्र (पावती रसीद) अपने पास सुरक्षित रखेंगे एवं आयोग द्वारा माँगे जाने पर समर्पित करेंगे।

परीक्षा शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किये जायेंगे एवं अहस्तांतरणीय होंगे।

अभ्यर्थी आयोग के वेबसाईट–http://bssc.bih.nic.in पर दिनांक–29.02.2020 से 18.03.2020 Server time:12 O'clock Night) तक ऑनलाईन आवेदन–सह–प्राथमिकता प्रपत्र भरेंगे।

8. जिन अभ्यर्थियों के द्वारा मुख्य परीक्षा का ऑनलाईन आवेदन पत्र नहीं भरा जाएगा उनका अभ्यर्थित्व स्वतः रद्द माना जाएगा। उन्हें मुख्य परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

09. **अन्यः–**

(i) अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने के पश्चात् Submit करने से पूर्व उसकी सभी प्रविष्टियों को ध्यानपूर्वक देखकर यह सुनिश्चित कर लें कि सभी प्रविष्टियाँ सही–सही भरी गई है। ऑनलाईन आवेदन समर्पित कर देने के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में किसी प्रकार की त्रुटि का परिमार्जन नहीं किया जा सकेगा।

(ii) अभ्यर्थी आवेदन–पत्र को Submit करने के पूर्व Preview देखकर संतुष्ट हो लेंगे, एवं यदि कोई सुधार आवश्यक हो, तो Edit option में आवश्यक सुधार करने के उपरान्त ही आवेदन–पत्र को Submit करेंगे।

(iii) अभ्यर्थियों द्वारा प्रारंभिक परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन करते समय प्रविष्ट किये गये मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 में अगर कोई परिर्वतन करना चाहते है, तो वे परिवर्तित कर सकते हैं, क्योंकि भविष्य में भावी संवाद के लिए इसे उपयोग किया जाएगा। अगर आप गलत या अवैध मोबाईल नम्बर दर्ज करते हैं, तो भविष्य में महत्वपूर्ण सूचनाएँ प्राप्त करने से वंचित हो जायेंगे, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

917

(iv) भविष्य में पत्राचार/जानकारी प्राप्त करने के लिए Application Form Number /Registration Number/Roll Number होना आवश्यक है। अतः पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र की प्रति अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखें। किसी भी परिस्थिति में डूप्लीकेट/द्वितीयक रजिस्ट्रेशन नम्बर/एप्लिकेशन फार्म नम्बर/प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किये जायेंगे।

(v) ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक की जाँच पूर्णतः कम्पयूटर द्वारा किया जाएगा। इसमें कोई मानवीय हस्तक्षेप नहीं होगा। अतः प्रविष्टियाँ बहुत ही सावधानीपूर्वक भरें।

(vi) **किसी प्रकार की पैरवी करने या कराने अथवा गलत या अपूर्ण सूचना देने अथवा चयन की प्रक्रिया को किसी प्रकार का अनुचित तरीका अपनाकर प्रभावित करने का प्रयास करने पर अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जायेगा।**

**10. महत्वपूर्ण निर्देशः–**

कदाचार करने/गलत आचरण अपनाने वाले अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी रद्द किये जाने के साथ–साथ भविष्य में आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं से उन्हें वंचित किया जा सकता है तथा ऐसे अभ्यर्थियों के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई भी की जा सकती है। कदाचार/गलत आचरण के अन्तर्गत निम्न बिन्दु शामिल हैं:–

- परीक्षा केन्द्र में मोबाईल फोन, ब्लूटूथ, ऐनालॉग/डिजिटल/इलेक्ट्रॉनिक घड़ी या अन्य किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट पाए जाने पर।
- कदाचार में सम्मिलित रहने पर।
- परीक्षा कक्ष में नकल/अवैध तरीका इस्तेमाल करने पर।
- पररूपधारण (Impersonation) करने पर।
- परीक्षा केन्द्र में केन्द्राधीक्षक/वीक्षक/प्रेक्षक से दुर्व्यवहार करने पर।
- परीक्षा केन्द्र से प्रश्न पुस्तिका एवं ओ0एम0आर0 लेकर चले जाने तथा फाड़ देने पर या किसी अनधिकृत व्यक्ति को उपलब्ध कराने पर।
- परीक्षा कार्य में संलग्न पदाधिकारियों/कर्मियों को धमकाने या शारीरिक रूप से क्षति पहुँचाने पर।
- अनुक्रमांक सही तरह से नहीं भरने या गोले को नहीं रंगने पर।
- प्रश्न पुस्तिका संख्या अंकों में सही तरह से नहीं भरने या गोले को सही–सही नहीं रंगने पर।
- उपस्थिति पत्रक में निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर नहीं करने पर आपका अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जाएगा, भले ही आपका ओ0एम0आर0 परीक्षा केन्द्र से प्राप्त हो गया हो।
- परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा अपने निर्धारित स्थान पर नहीं बैठकर बल्कि अन्य अभ्यर्थी के स्थान या अन्यत्र बैठकर परीक्षा देने पर।
- इसके अतिरिक्त पूरी परीक्षा प्रक्रिया के दौरान कोई भी अन्य कारण जिसे आयोग द्वारा अभ्यर्थित्व रद्द करने योग्य समझा जाता है, ऐसे अभ्यर्थियों का अभ्यर्थित्व रद्द किया जा सकता है।
- परीक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश प्रवेश–पत्र पर अंकित रहेंगे, जिसका अनुपालन हर हाल में सुनिश्चित करना होगा।

**नोटः–उम्मीदवारों की अर्हता, आवेदन पत्रों को स्वीकार/अस्वीकार करने, चयन की प्रक्रिया, परीक्षा के आयोजन, परीक्षा केन्द्रों का आवंटन/निर्धारण, परीक्षाफल तैयार करने की प्रक्रिया एवं सफल उम्मीदवारों के पदों/संवर्ग के लिए चयन एवं आवंटन के संबंध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा, जो सभी अभ्यर्थियों के लिए बाध्यकारी/मान्य होगा तथा इनके संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी/पत्राचार के संबंध में विचार नहीं किया जाएगा।**

11. **ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया में सन्निहित Steps निम्नवत हैं:–**

**Step-1** अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने हेतु संबंधित पोर्टल पर अपना प्रारंभिक परीक्षा का Roll Number या Registration Number एवं Date of Birth डालेंगे एवं **Submit Button** पर Click करेंगे।

**Step-2** उपर्युक्त विवरणी के अंकित करते ही उनका Personal information आएगा। Personal information में वे अपना मोबाईल नम्बर/ई–मेल आई0डी0/वर्तमान पता केवल भर सकते हैं। शेष जानकारी यथावत् रहेंगी। उसके बाद Next Click करने के बाद Payment option (भुगतान का विकल्प) आयेगा।

**Step.3** भुगतान के सत्यापन के पश्चात्, अभ्यर्थी के लिए Post Type आएगा, जिसमें दो श्रेणी के पद का विकल्प रहेगा। वे श्रेणी A या श्रेणी B का चयन कर सकते है या फिर A और B दोनों श्रेणियों के विकल्प का चयन कर सकते हैं। श्रेणी का चयन करने के पश्चात **Save & Continue** बटन पर Click करेंगे। उसके बाद Academic Qualification and Skills पेज में विवरणी भरेंगे और Save & Continue Button Click करेंगे। आपके कम्पयूटर पर एक Pop-up आयेगा, जिसे Submit & Continue करेंगे।

**Step-4** उसके बाद अनुलग्नक–'क' में दिये गये श्रेणीवार पदों की सूची में से पद प्राथमिकता विकल्प का चयन करेंगे और Save करेंगे। पद प्राथमिकता के चयन के पश्चात अगर विकल्प Change करना हो, तो Edit Option पर Click करें अन्यथा Final Submit करे। Final Submit करने से पहले Preview देख लें। Final Submit करने के बाद आप कोई भी परिर्वतन नहीं कर पायेंगे।

**Step.5** आवेदन पत्र भरने के पश्चात आवेदक निर्धारित स्थान पर अपना हस्ताक्षर स्कैन कर अपलोड करेंगे एवं उसकी एक प्रति वेबसाईट से डाउनलोड कर अपने पास सुरक्षित रख लेंगे। परीक्षोपरान्त सफल अभ्यर्थियों की काउन्सेलिंग के समय परीक्षा शुल्क जमा करने से संबंधित प्रमाण–पत्र (पावती रसीद) की प्रति एवं ऑनलाईन आवेदन अनुलग्नकों के साथ प्रस्तुत करना होगा अन्यथा वे काउन्सेलिंग मे भाग नहीं ले सकेंगे।

12. **घोषणा:–**

मै घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन तथा निर्देशों को भली–भाँति पढ़ लिया है। जब भी आयोग मेरे द्वारा दिये गये विवरण की पुष्टिकरण माँगेगा, मैं निदेशानुसार आवश्यक सभी संबंधी दस्तावेजों को प्रस्तुत करूँगा/करूँगी। मैं यह भी जानता/जानती हूँ कि यदि मेरे द्वारा दी गयी जानकारी सही सावित नहीं हुई, तो मेरा आवेदन पत्र रद्द कर दिया जाएगा और कानून के अनुसार मुझे परिणामों का सामना करना पड़ेगा।

**आवेदन जमा करने की तिथि:**–ऑनलाईन आवेदन जमा करने की तिथि 29.02.2020 से 18.03.2020 की रात्रि 11:59 बजे (Server Time) तक निर्धारित है। अन्य किसी भी माध्यम से भेजे गये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। ऑनलाईन आवेदन–पत्र की प्रति को बिहार कर्मचारी चयन आयोग कार्यालय में भेजने की कोई आवश्यकता नहीं है ।

28/2/2020

सचिव
बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।

अनुलग्नक–'क'

विज्ञापन संख्या–06060114, प्रथम इन्टर स्तरीय संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा–2014

प्राथमिकता हेतु पदों की विवरणी

| POST CODE | श्रेणी | पद का नाम | वेतनमान | विभाग का नाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | तकनीकी योग्यता | वांछित योग्यता | आरक्षणवार रिक्तियों की संख्या | | | | | | कुल पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | GEN | BC | MBC | SC | ST | WBC | |
| 01 | A | वनरक्षी | (5200–20200+2000) | पर्यावरण एवं वन विभाग | इन्टर | --- | --- | 363 | 02 | 182 | 109 | 05 | 32 | 693 |
| 02 | A | आशु सहायक अवर निरीक्षक | (5200–20200+2400) | पुलिस महानिदेशक का कार्यालय | इन्टर+श्रुतिलेखन तथा हिन्दी एवं अंग्रजी टंकण | --- | --- | 42 | 17 | 20 | 05 | 00 | 03 | 87 |
| 03 | A | टंकक सहायक अवर निरीक्षक | (5200–20200+2400) | पुलिस महानिदेशक का कार्यालय | इन्टर तथा हिन्दी एवं अग्रेजी टंकण | --- | --- | 39 | 09 | 14 | 13 | 01 | 02 | 78 |
| 04 | A | अधिनायक अनुदेशक | --- | गृह (विशेष) विभाग | इन्टर | --- | --- | 61 | 15 | 22 | 19 | 01 | 04 | 122 |
| | | कुल | | | | | | 505 | 43 | 238 | 146 | 07 | 41 | 980 |

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 05 | B | आशुलिपिक | (5200–20200+2400) | पर्यावरण एवं वन विभाग | इन्टर, आशुलेखन, टंकण एवं कम्प्यूटर दक्षता | --- | --- | 09 | 00 | 06 | 05 | 00 | 01 | 21 |
| 06 | B | सहायक उर्दू अनुवादक | (5200–20200+2400) | मंत्रिमंडल सचिवालय (उर्दू निदेशालय) | आई0ए0 पास मुख्य उर्दू के साथ हिन्दी की अच्छी जनकारी या समकक्ष | --- | --- | 18 | 04 | 06 | 66 | 01 | 01 | 96 |
| 07 | B | आशुटंकक / आशुलिपिक (जिला उपभोक्ता फोरम) | (5200–20200+2400) | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | इन्टर | आशुलेखन, टंकण एवं कम्प्यूटर दक्षता (बेसिक / वर्डस प्रोसेसिंग का ज्ञान) | --- | 30 | 07 | 10 | 09 | 03 | 02 | 61 |

अनुलग्नक–'क'
विज्ञापन संख्या–06060114, प्रथम इन्टर स्तरीय संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा–2014
प्राथमिकता हेतु पदों की विवरणी

| POST CODE | श्रेणी | पद का नाम | वेतनमान | विभाग का नाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | तकनीकी योग्यता | वांछित योग्यता | आरक्षणवार रिक्तियों की संख्या | | | | | | कुल पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | GEN | BC | MBC | SC | ST | WBC | |
| 08 | B | आशुलिपिक / आशुटंकक (नियोजन एवं प्रशिक्षण) | (5200–20200+2400) | श्रम संसाधन विभाग | इन्टर | आशुलेखन एवं कम्प्यूटर संचालन में दक्षता | — | 01 | 00 | 01 | 02 | 01 | 00 | 05 |
| 09 | B | पंचायत सचिव (नोट–दलपतियों को उम्र में शिथिलता दी जायेगी) | (5200–20200+2000) | पंचायती राज विभाग | इन्टर | — | कम्प्यूटर पर टंकण तथा एम0एस0 ऑफिस का ज्ञान | 1136 | 304 | 700 | 710 | 171 | 140 | 3161 |
| 10 | B | निम्नवर्गीय लिपिक (जिला उपभोक्ता फोरम) | (5200–20200+1900) | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | इन्टर अथवा समकक्ष | कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण | — | 16 | 05 | 09 | 09 | 04 | 02 | 45 |
| 11 | B | नि0स0 लिपिक | (5200–20200+1900) | सूचना एवं जन संपर्क विभाग | इन्टर | कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण | — | 06 | 00 | 15 | 12 | 02 | 00 | 35 |
| 12 | B | रीडर (राजकीय नेत्रहीन विद्यालय) | (5200–20200+1900) | समाज कल्याण विभाग (सुरक्षा एवं निःशक्तता निदेशालय) | इन्टर | भारतीय पुनर्वास परिषद से केयर / गिभर ट्रेनिंग / फाउंडेशन कोर्स | भारतीय पुनर्वास परिषद से निबंधित | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 02 |

अनुलग्नक–'क'
विज्ञापन संख्या–06060114, प्रथम इन्टर स्तरीय संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा–2014
प्राथमिकता हेतु पदों की विवरणी

| POST CODE | श्रेणी | पद का नाम | वेतनमान | विभाग का नाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | तकनीकी योग्यता | वांछित योग्यता | आरक्षणवार रिक्तियों की संख्या | | | | | | कुल पदो की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | GEN | BC | MBC | SC | ST | WBC | |
| 13 | B | बुनाई अनुदेशक (राजकीय मूक बधिर मध्य विद्यालय) | (5200–20200+1900) | समाज कल्याण विभाग (सुरक्षा एव निःशक्तता निदेशालय) | इन्टर | भारतीय पुनर्वास परिषद से मान्यता प्राप्त संस्थान से व्यवसायिक प्रशिक्षण में डिप्लोमा या आई0टी0आई0 से सर्टिफिकेट कोर्स | भारतीय पुनर्वास परिषद से निबंधित | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 |
| 14 | B | निम्नवर्गीय लिपिक | (5200–20200+1900) | पर्यावरण एवं वन विभाग | इन्टर, कम्प्यूटर संचालन एवं टंकण ज्ञान | कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण | --- | 02 | 00 | 35 | 16 | 00 | 03 | 56 |
| 15 | B | राजस्व कर्मचारी | (5200–20200+1900) | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | इन्टर | --- | --- | 1962 | 340 | 945 | 853 | 98 | 155 | 4353 |
| 16 | B | निम्नवर्गीय लिपिक (हिन्दी) | (5200–20200+1900) | मंत्रिमंडल सचिवालय (उर्दू निदेशालय) | इन्टर हिन्दी विषय के साथ | कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण | --- | 57 | 14 | 20 | 18 | 01 | 03 | 113 |
| 17 | B | निम्नवर्गीय लिपिक (उर्दू) | (5200–20200+1900) | मंत्रिमंडल सचिवालय (उर्दू निदेशालय) | इन्टर उर्दू विषय के साथ | कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण | --- | 15 | 04 | 05 | 05 | 00 | 01 | 30 |
| 18 | B | निम्नवर्गीय लिपिक | (5200–20200+1900) | अल्पसंख्यक कल्याण विभाग | इन्टर | कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण | --- | 36 | 08 | 13 | 11 | 01 | 02 | 71 |
| 19 | B | निम्नवर्गीय लिपिक (क्षेत्रीय कार्यालय) | (5200–20200+1900) | परिवहन विभाग | इन्टर | कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण | --- | 06 | 07 | 10 | 10 | 00 | 03 | 36 |

412
328

## अनुलग्नक–'क'
## विज्ञापन संख्या–06060114, प्रथम इन्टर स्तरीय संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा–2014
## प्राथमिकता हेतु पदों की विवरणी

| POST CODE | श्रेणी | पद का नाम | वेतनमान | विभाग का नाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | तकनीकी योग्यता | वांछित योग्यता | आरक्षणवार रिक्तियों की संख्या | | | | | | कुल पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | GEN | BC | MBC | SC | ST | WBC | |
| 20 | B | निम्नवर्गीय लिपिक (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों / कार्यालयों में) | (5200–20200+1900) | श्रम संसाधन विभाग, निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग | इन्टर | कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण | — | 04 | 00 | 26 | 35 | 06 | 06 | 77 |
| 21 | B | निम्नवर्गीय लिपिक | (5200–20200+1900) | कला, संस्कृति एवं युवा विभाग | इन्टर | कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण | — | 50 | 08 | 24 | 24 | 02 | 04 | 112 |
| 22 | B | निम्नवर्गीय लिपिक | (5200–20200+1900) | निबंधन उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग (निबंधन) | इन्टर | कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण | — | 83 | 19 | 81 | 51 | 38 | 21 | 293 |
| 23 | B | निम्नवर्गीय लिपिक | (5200–20200+1900) | कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय | इन्टर | कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण | — | 33 | 03 | 19 | 11 | 00 | 05 | 71 |
| 24 | B | बेंच कलर्क (जिला उपभोक्ता फोरम) | (5200–20200+1900) | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | इन्टर | कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण | — | 06 | 03 | 04 | 05 | 01 | 00 | 19 |
| 25 | B | बेंच कलर्क | (5200–20200+1900) | समाज कल्याण विभाग (समाज कल्याण निदेशालय) | इन्टर | कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण | — | 19 | 05 | 07 | 05 | 00 | 01 | 37 |
| 26 | B | निम्नवर्गीय लिपिक (बैकलॉग रिक्ति) | (5200–20200+1900) | निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण (नियोजन) | इन्टर | कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण | — | 00 | 00 | 14 | 04 | 00 | 01 | 19 |

अनुलग्नक–'क'

विज्ञापन संख्या–06060114, प्रथम इन्टर स्तरीय संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा–2014

प्राथमिकता हेतु पदों की विवरणी

| POST CODE | श्रेणी | पद का नाम | वेतनमान | विभाग का नाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | तकनीकी योग्यता | वांछित योग्यता | आरक्षणवार रिक्तियों की संख्या | | | | | | कुल पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | GEN | BC | MBC | SC | ST | WBC | |
| 27 | B | निम्नवर्गीय लिपिक | (5200–20200+1900) | निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण (नियोजन) | इन्टर | कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण | -- | 14 | 04 | 06 | 04 | 00 | 00 | 28 |
| 28 | B | निम्न वर्गीय लिपिक | (5200–20200+1900) | समाज कल्याण विभाग (आई0सी0डी0एस0 निदेशालय) | इन्टर | कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण | -- | 10 | 02 | 04 | 02 | 00 | 00 | 18 |
| 29 | B | शिल्प शिक्षक (राजकीय मूक बधिर मध्य विद्यालय) | (5200–20200+1900) | समाज कल्याण विभाग (सामाजिक सुरक्षा एवं निःशक्तता निदेशालय) | इन्टर | भारतीय पुनर्वास परिषद से मान्यता प्राप्त संस्थान से व्यवसायिक प्रशिक्षण में डिप्लोमा या आई0टी0आई0 से सर्टिफिकेट कोर्स | भारतीय पुनर्वास परिषद से निबंधित | 01 | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 02 |
| 30 | B | निम्नवर्गीय लिपिक | (5200–20200+1900) | सा0प्र0वि0 | इन्टर | कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण | — | 90 | 18 | 40 | 30 | 01 | 05 | 184 |
| 31 | B | निम्नवर्गीय लिपिक | (5200–20200+1900) | श्रम संसाधन विभाग (कर्मचारी राज्य बीमा योजना) | इन्टर | कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण | -- | 04 | 00 | 07 | 00 | 01 | 00 | 12 |
| 32 | B | निम्नवर्गीय लिपिक (श्रमायुक्त के क्षेत्रीय कार्यालयों में) | (5200–20200+1900) | श्रम संसाधन विभाग | इन्टर | कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण | — | 25 | 07 | 11 | 11 | 01 | 02 | 57 |

410
392

अनुलग्नक–'क'
विज्ञापन संख्या–06060114, प्रथम इन्टर स्तरीय संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा–2014
प्राथमिकता हेतु पदों की विवरणी

| POST CODE | श्रेणी | पद का नाम | वेतनमान | विभाग का नाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | तकनीकी योग्यता | वांछित योग्यता | आरक्षणवार रिक्तियों की संख्या | | | | | | कुल पदो की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | GEN | BC | MBC | SC | ST | WBC | |
| 33 | B | आशुलिपिक (श्रमायुक्त के क्षेत्रीय कार्यालयों में) | (5200–20200+2400) | श्रम संसाधन विभाग | इन्टर | आशुलेखन तथा टंकण का ज्ञान कम्प्यूटर के बेसिक / वर्डस / प्रोसेसिंग का ज्ञान | — | 05 | 01 | 01 | 01 | 01 | 00 | 09 |
| 34 | B | निम्नवर्गीय लिपिक (समाहरणालय) | (5200–20200+1900) | सामान्य प्रशासन विभाग | इन्टर | कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण | — | 560 | 173 | 441 | 411 | 88 | 78 | 1751 |
| 35 | B | बेंच कलर्क (समाहरणालय) | (5200–20200+1900) | सामान्य प्रशासन विभाग | इन्टर | कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण | — | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 02 |
| 36 | B | आशुलिपिक (समाहरणालय) | (5200–20200+1900) | सामान्य प्रशासन विभाग | इन्टर | आशुलेखन कम्प्यूटर टंकण एवं कम्प्यूटर संचालन | — | 37 | 13 | 22 | 40 | 06 | 07 | 125 |
| 37 | B | निम्नवर्गीय उत्पाद लिपिक | (5200–20200+1900) | निबंधन उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग (उत्पाद एवं मद्य निषेध) | इन्टर | कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण | — | 15 | 06 | 14 | 07 | 06 | 00 | 48 |
| 38 | B | निम्नवर्गीय लिपिक | (5200–20200+1900) | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग | इन्टर | कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण | — | 35 | 08 | 13 | 11 | 01 | 01 | 69 |

अनुलग्नक–'क'

विज्ञापन संख्या–06060114, प्रथम इन्टर स्तरीय संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा–2014

प्राथमिकता हेतु पदों की विवरणी

| POST CODE | श्रेणी | पद का नाम | वेतनमान | विभाग का नाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | तकनीकी योग्यता | वांछित योग्यता | आरक्षणवार रिक्तियों की संख्या | | | | | | कुल पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | GEN | BC | MBC | SC | ST | WBC | |
| 39 | B | सूचना सहायक ग्रेड–1 | (5200–20200+2400) | पर्यटन विभाग | इन्टर एवं डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लिकेशन (सरकारी संस्थान या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से) | किसी विदेशी भाषा की जानकारी रखने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी | --- | 04 | 01 | 00 | 01 | 00 | 01 | 07 |
| 40 | B | निम्नवर्गीय लिपिक (क्षेत्रीय स्थापना) | (5200–20200+1900) | जल संसाधन विभाग | इन्टर | कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण | --- | 207 | 56 | 106 | 103 | 22 | 17 | 511 |
| 41 | B | **आशुटंकक (क्षेत्रीय स्थापना)** | **(5200–20200+2400)** | **जल संसाधन विभाग** | **इन्टर** | **आशुलेखन, कम्प्यूटर टंकण एवं कम्प्यूटर संचालन** | --- | 58 | 16 | 20 | 19 | 01 | 02 | 116 |
| 42 | B | कनीय लेखा लिपिक (क्षेत्रीय स्थापना) | (5200–20200+2400) | जल संसाधन विभाग | इन्टर | --- | --- | 218 | 61 | 86 | 90 | 17 | 15 | 487 |
| कुल | | | | | | | | 4775 | 1097 | 2723 | 2592 | 474 | 479 | 12140 |

27/12/2020

सचिव,

बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।

408
100

# बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना

## पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14

## वि0सं0–06060114, प्रथम इंटर स्तरीय संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा–2014

## अनुलग्नक–'ख'

**1. मुख्य परीक्षा–मुख्य परीक्षा के लिए दो प्रश्न पत्र होंगे :–**

**(क) प्रश्न पत्र–1 विषय हिन्दी :–**

(i) इस परीक्षा के लिए प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय होंगे।

(ii) हिन्दी ( जो अर्हक होगा यानि जो परीक्षार्थी इसमें 30 प्रतिशत या 30 प्रतिशत से अधिक अंक लाएँगे, उन्हीं का दूसरा पत्र मूल्यांकित (Evaluate) किया जाएगा।

(iii) प्रश्न पत्र–1 की परीक्षा में भाषा का माध्यम हिन्दी होगा।

(iv) इस प्रश्न पत्र में कुल प्रश्नों की संख्या 100 होगी। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक होंगे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक की कटौती की जायेगी।

(v) परीक्षा की अवधि 2 घंटा 15 मिनट होगी।

**(ख) प्रश्न पत्र–2 विषय सामान्य ज्ञान :–**

(i) इस परीक्षा के लिए प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय होंगे।

(ii) इस प्रश्न पत्र में प्रश्नों की कुल संख्या 150 होगी। सामान्य ज्ञान में विषय निम्नवत् होंगे:–

(क) सामान्य अध्ययन
(ख) सामान्य विज्ञान एवं गणित
(ग) मानसिक क्षमता जाँच

(iii) सामान्य ज्ञान मुख्य परीक्षा में भाषा का माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी होगा।

(iv) प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक होंगे तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक की कटौती की जायेगी।

(v) परीक्षा की अवधि 2 घंटा 15 मिनट होगी।

**2. मुख्य परीक्षा का पाठ्यक्रम:–**

**प्रश्न पत्र –1: विषय हिन्दी:–**

इस प्रश्न–पत्र के सभी प्रश्न माध्यमिक (सेकेन्डरी) स्तर के होंगे। इस परीक्षा के प्रश्न हिन्दी भाषा में भावों की शुद्ध एवं स्पष्ट अभिव्यक्ति की क्षमता, सहज बोधशक्ति के परीक्षण से संबंधित होंगे। जिसमें वाक्य, उपवाक्य, पदबन्ध, शब्द, अक्षर एवं विसर्ग संधि, संज्ञा, वचन, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया–विशेषण, समानार्थक शब्द/विपरीतार्थक शब्द, हिन्दी के प्रचलित कथ्य एवं मुहावरों आदि से संबधित हिन्दी भाषा एवं व्याकरण के प्रश्न होंगे।

**प्रश्नपत्र –2: विषय सामान्य ज्ञान:–**

**खंड (क):–**

**(i) सामान्य अध्ययन:**–इसमें प्रश्नों का उद्देश्य अभ्यर्थी के आस–पास के वातावरण की सामान्य जानकारी तथा समाज में उनके अनुप्रयोग के संबंध में उसकी योग्यता की जाँच करनी होगी। वर्तमान घटनाओं और दिन–प्रतिदिन की घटनाओं के सूक्ष्म अवलोकन तथा उनके प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण जैसे मामलों की जानकारी संबंधी ऐसे प्रश्न भी शामिल किये जायेंगे, जिनके बारे में जानकारी रखने की किसी भी शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जाती है।

**(ii)सम समायिक विषय:**–वैज्ञानिक प्रगति, राष्ट्रीय/अंतराष्ट्रीय पुरस्कार, भारतीय भाषाएं, पुस्तक, लिपि, राजधानी, मुद्रा, खेल–खिलाडी, महत्वपूर्ण घटनायें।.

**(iii)भारत और उसके पड़ोसी देशः**—पड़ोसी देशों का इतिहास, भारत का इतिहास, संस्कृति, भूगोल, आर्थिक परिदृश्य एवं स्वतंत्रता आन्दोलन, भारतीय कृषि तथा प्राकृतिक संसाधनों की प्रमुख विशेषताएं, भारत का संविधान एवं राज्य व्यवस्था, देश की राजनीतिक प्रणाली, पंचायती राज, सामुदायिक विकास, पंचवर्षीय योजना, राष्ट्रीय आन्दोलन।

**खंड(ख):—**

**सामान्य विज्ञान एवं गणित :—**

**(i)सामान्य विज्ञानः**—भौतिकी शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव—विज्ञान एवं भूगोल।

**(ii) गणितः**—संख्या पद्धति से संबंधित प्रश्न, पूर्ण संख्याओं को अभिकलन, दशमलव और भिन्न, संख्याओं के बीच परस्पर संबंध, मूलभूत अंकगणितीय संक्रियाएं, प्रतिशत, अनुपात तथा समानुपात, औसत, ब्याज, लाभ और हानि।

**खंड (ग):—**

**मानसिक क्षमता जाँचः**—इसमें शाब्दिक और गैर—शाब्दिक दोनों प्रकार के प्रश्न होंगे। इस घटक में निम्न से संबंधित यथा संभव प्रश्न पूछे जा सकते हैं :—सादृश्य, समानता एवं भिन्नता, स्थान कल्पना, स्थान अभिविन्यास, समस्या समाधान, विश्लेषण, दृश्य स्मृति, विभेद, अवलोकन, संबंध अवधारणा, अंकगणितीय तर्क शक्ति, शाब्दिक एवं चित्रात्मक वर्गीकरण, अंकगणितीय संख्या श्रृंखला, गैर—शाब्दिक श्रृंखला, कूटलेखन एवं कूटव्याख्या।

**General Knowledge: -**

**Part (A) General Studies: -**

**(I) General Awareness: -**

Questions in the component will be aimed at testing the candidate's general awareness of the environment around him and its application to society. Questions will also be designed to test knowledge of current events and of such matters of every day observations and experience in their scientific aspect as may be expected of any educated person.

**(II) Current Affairs: -**

(i) Scientific Progress
(ii) National/International Awards
(iii) Indian Languages
(iv) Books
(v) Scripts
(vi) Capitals
(vii) Currency
(viii) Sport-Sportspersons
(ix) Important Events

**(III) Indian & Neighbouring countries: -**

(i) History of Neighbouring countries
(ii) History of India
(iii) Culture
(iv) Geography
(v) Economic Affairs
(vi) Independence Movement

(vii) Indian Agriculture & Natural Resources
(viii) Constitution of India
(ix) Polity
(x) Country's Political System
(xi) Panchayati Raj
(xii) Community Development
(xiii) Five-year Plans
(xiv) National Movement

**Part (B) General Science & Mathematics: -**

**I. General Science: -**

(i) Physics
(ii) Chemistry
(iii) Biology
(iv) Geography

**II. Mathematics: -**

(i) Number System
(ii) Computation of whole Numbers
(iii) Decimals & Fractions
(iv) Relationships between Numbers
(v) Basic Arithmetical Process
(vi) Percentage
(vii) Ratio & Proportion
(viii) Average
(ix) Interest
(x) Profit & Loss

**Part(c) Comprehension/Logic/Reasoning/Mental Ability**

(i) Analogies
(ii) Similarities & Differences
(iii) Spatial Visualization
(iv) Spatial Configuration
(v) Problem solving
(vi) Analysis
(vii) Visual Memory
(viii) Odd man out
(ix) Observation
(x) Relationship Concepts
(xi) Arithmetic Reasoning
(xii) Verbal and Non-Verbal Classification
(xiii) Arithmetic Number Series
(xiv) Non-Verbal Series
(xv) Coding
(xvi) Decoding

27/2/2020
सचिव,
बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।